# कार्यालय
# मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला स्वास्थ्य समिति, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)

*Tele -07752--266011, 417780*
*email: cmobilaspurcg@gmail.com*

क्रमांक / एन.एच.एम. / 2016 /
बिलासपुर, दिनांक / 07 / 2016

प्रति,

महाप्रबंधक
छत्तीसगढ़ संवाद
छोटा पारा, डी. पी. आर. ऑफिस के पास
रायपुर, छत्तीसगढ़

विषयः– कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित करने बाबत्।

---0---

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा आधार पर जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न पदों हेतु विज्ञापन जारी किया जाना है।

अतः इस हेतु संलग्न प्रारूप में विज्ञापन जिले के दो स्थानीय दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर एवं हरिभूमि में प्रकाशित करवाने का कष्ट करेंगे।

**संलग्न– विज्ञापन का प्रारूप।**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

पृ. क्र. / एन.एच.एम. / 2016 / 4453
बिलासपुर, दिनांक 12 / 07 / 2016

प्रतिलिपिः–

1. संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़, इंद्रावती भवन, नया रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, नया रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, जिला बिलासपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी स्वास्थ्य, जिला पंचायत – बिलासपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
5. संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
6. राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, नया रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7. जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला – बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
8. डी.आई.ओ., एन.आई.सी., बिलासपुर की ओर सूचनार्थ कर लेख है कि उक्त विज्ञापन को जिले की वेबसाईट www.bilaspur.gov.in पर अपलोड करने का कष्ट करें।
9. कार्यालयीन नस्ती।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## जिला– बिलासपुर (छ.ग.)
### –:विज्ञापन:–

जिले के स्वीकृत ROP वर्ष 2015–16 में स्वीकृति के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला बिलासपुर के अंतर्गत संविदा में विभिन्न रिक्त पदों पर नियुक्ति की जानी है। संविदा पर भर्ती किये जाने वाले पदों का विवरण निम्नानुसार है:

| पद कमांक | पद नाम | एक मुश्त मानेदय | भर्ती हेतु पद संख्या | | | | | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल रिक्त पद | अनारक्षित | अजजा | अजा | अपिव | |
| 1 | Dental Surgeons & Dentists | MDS 25000/- BDS 20000/- | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | MDS with Registration in Chhattisgarh Medical Council is Compulsary OR<br>BDS with Registration in Chhattisgarh Medical Council is Compulsary |
| 2 | ANM (24*7), 2nd ANM (Sub Centres), (Other) | 10000/- | 63 | 29 | 15 | 10 | 9 | 12th passed, ANM Passed & INC affilited training center & live registration in Chhattisgarh Nursing Registration Counselling |
| 3 | Staff Nurse (Non FRU/ SDH/ CHC), 24*7 PHC, SNCU/ NBSU/ NRC etc, Others | 14784/- | 46 | 19 | 12 | 8 | 7 | BSC Nursing or GNM Course Passed & Live registration in Chhattisgarh Nursing Registration Counselling |
| 4 | Medical Officer for SNCU | 35000/- | 3 | 1 | 1 | 1 | 0 | MBBS or Eqirvalent with Registrstion in Chhattisgarh Medical Council |
| 5 | Cleaners (SNCUs) | 7000/- | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 8th Passed |
| 6 | Aaya Bai for SNCU | 7000/- | 6 | 3 | 1 | 1 | 1 | 8th Passed |
| 7 | Attendants for NRC | 4000/- | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 8th Passed |
| 8 | Block Data Manager | 16500/- | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1) Gradute (55%) & PGDCA OR<br>2) BCA (55%) |
| 9 | PADA (Reserve for Handicap) | 8800/- | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 12th Pass with at least 1 year diploma in Computor Application |
| 10 | Medical Officer Ayush (Female)-RBSK | 20000/- | 5 | 2 | 1 | 1 | 1 | BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration from any GOI Reconised (BAMS/BHMS/BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration Board |
| 11 | Medical Officer Ayush (Male)-RBSK | 20000/- | 4 | 2 | 1 | 0 | 1 | BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration from any GOI Reconised (BAMS/BHMS/BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration Board |
| 12 | Pharmacist-RBSK | 10000/- | 6 | 3 | 1 | 1 | 1 | Degree or Diploma in Pharmacy (50%) & Registration in CG Nurse Registration Council |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | ANM- RBSK | 9000/- | 6 | 3 | 1 | 1 | 1 | ANM Passed & INC affilited training center & live registration in Chhattisgarh Nursing Registration Counselling |
| 14 | Lab Technician | 10000/- | 17 | 8 | 4 | 3 | 2 | DMLT or BMLT course with registration in Paramedical Council Or Paramedical Course in Pathalogy with registration in Paramedical Council |
| 15 | DEO-District-NPCB | 8000/- | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 12th Pass with at least 1 year diploma in Computor Application |
| 16 | Data Assistant cum Accountant | 15000/- | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | Bcom (Minimum 55%) + 1 Year Computer Diploma (PGDCA) Knowledge of Tally is Compulsory |
| 17 | DEO- District Level | 8800/- | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 12th Pass with at least 1 year diploma in Computor Application |

**जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया के संबंध में दिशा–निर्देशः**

1. **आवेदन पत्र के संबंध में**

1.1 समस्त पदों हेतु आवेदन निर्धारित प्रारुप में दिनांक 27.07.2016 को सायं 5:00 बजे के पूर्व पंजीकृत डाक के माध्यम से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सीपत रोड, सरकंडा, बिलासपुर में स्वीकार किये जायेगें।

1.2 विज्ञापित पदों की संख्या में बैकलॉग पद शामिल हैं एवं पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता हैं।

1.3 आवेदन शुल्क –

| वर्ग | मानदेय प्रतिमाह ≤25000 | मानदेय प्रतिमाह >25000 |
|---|---|---|
| विकलांग / अ.जा. / अ.ज.जा. / महिला | रु. 200.00 | रु. 350.00 |
| अन्य | रु. 400.00 | रु. 650.00 |

आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक से DISTRICT HEALTH SOCIETY, NON NRHM OTHER FUND BILASPUR के नाम से डिमाण्ड ड्राप्ट जो कि बिलासपुर में देय होगा जमा किया जावेगा। डिमाण्ड ड्राप्ट की मूल प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। डिमांड ड्राप्ट के अलावा अन्य किसी भी माध्यम से शुल्क देय मान्य नहीं होगा। डी डी. क्रमांक का उल्लेख करने पर ही आवेदन मान्य होगा। बिना आवेदन शुल्क के आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

1.4 आवश्यकतानुसार कौशल परीक्षा/परीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची तथा परीक्षा स्थान एवं अन्य जानकारी समय–समय पर कार्यालयीन नोटिस बोर्ड एवं जिले की वेबसाइट http://bilaspur.gov.in में उपलब्ध करायी जावेगी। इस हेतु अलग से पत्र द्वारा सूचित नहीं किया जावेगा।

1.5 आवश्यकतानुसार परीक्षा जिला मुख्यालय में ली जावेगी। जिसमें शामिल होने के लिए अभ्यार्थियों को कोई व्यय का भुगतान नहीं किया जावेगा।

1.6 16500 रूपये या 16500 रूपये से अधिक आय के पदों हेतु आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिये एवं प्रदेश के सभी को समान अवसर प्राप्त होंगे। मूल निवासी उपलब्ध ना होने की स्थिति में ही अन्य राज्य के निवासियों को अवसर दिया जायेगा। 16500 रूपये से कम आय के पदों हेतु आवेदक को जिले का मूल निवासी होना चाहिये।

1.7 अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जावेंगे।

1.8 PADA का पद विकलांग हेतु आरक्षित है।

2.– आयु सीमा

2.1 1 जनवरी 2016 को आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष होना चाहिए। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2016 से की जावेगी। इस आयु सीमा में सभी प्रकार की छूट सम्मिलित है।

2.2 (संविदा भर्ती के संदर्भ में आरक्षण व अन्य शर्तें **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2014** के सभी नियम व शर्तों के अनुसार लागू होंगे)।

3.– चयन प्रक्रिया

3.1 प्राप्त आवेदनों में से रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा/चयन तथा दस्तावेज सत्यापन हेतु आहूत किया जावेगा –

| क्र. | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | स्क्रीनिंग/कौशल परीक्षा लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | 1 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2. | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 5 गुना |
| 3. | 50 से अधिक | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 3 गुना |

3.2 सत्यापन के समय निम्न अभिलेखों के साथ अभ्यार्थियों को उपस्थित होना अनिवार्य है –

1- 10 वी एवं 12 वीं की अंक सूची
2- स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा के समस्त वर्षो की अंकसूची
3- संबंधित डिग्री (प्रोविजनल एवं अपूर्ण पंजीयन वाले आवेदन मान्य नहीं होंगे)
4- संबंधित कौंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र
5- सक्षम अधिकारी का जाति प्रमाण पत्र
6- मूल निवासी प्रमाण पत्र
7- विकलांगता प्रमाण पत्र
8- अनुभव प्रमाण पत्र–यह केवल शासकीय संस्थान एवं सार्वजनिक संस्थानों तथा शासकीय वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थानों (यथा SHRC) या उपक्रमों का ही मान्य होगा। अनुभव प्रमाण पत्र में अनुभव की अवधि का स्पस्ट उल्लेख नही होने तथा कार्यालयीन जावक कमांक नही होने पर अनुभव प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगा। न्यूनतम 1 वर्ष का शासकीय अनुभव पुर्ण होने पर ही अनुभव का अंक मिलेगा।

3.3 <u>अंतिम चयन सूची निम्नांकित आधार पर बनाई जावेगी।</u>

- शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांकों का प्रतिशत का – 70 प्रतिशत अंक
- कौशल परीक्षा– 20 अंक (कौशल परीक्षा के अंतर्गत फाइनेन्स के पदों हेतु टेली डाटा के पदों हेतु कम्प्युटर स्किल परीक्षा।
- अनुभव – 10 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 2 अंक) अधिकतम

1. प्रबंधकीय तथा वित्तीय पदों के सभी अभ्यार्थियों को कम्प्यूटर/लैपटॉप पर दिये गये विषय पर पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन तैयार कर चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। इस हेतु समय निर्धारित रहेगा। कुल अंक 20 रहेंगे।
2. स्टाफ नर्स/ए.एन.एम. संवर्ग हेतु प्रसव प्रक्रिया तथा नवजात शिशु की देखभाल संबंधी कौशल परीक्षा 20 अंक के लिए जाएगें।
3. अटेन्डेंट/क्लीनर/आया संवर्ग हेतु 90 प्रतिशत अंक शैक्षणिक योग्यता तथा 10 प्रतिशत अंक अनुभव रहेगा।
4. मेडिकल ऑफिसर/डेन्टिस्ट/आयुष मेडिकल ऑफिसर हेतु 20 अंक कौशल परीक्षा के तहत विभागीय व्यावहारिक परीक्षा एवं समूह चर्चा आदि के माध्यम से भर्ती की जावेगी।
5. फार्मोसिस्ट/लैब टेक्नीशियन संवर्ग हेतु 20 प्रतिशत अंक कौशल परीक्षा के रहेगें।
6. कौशल परीक्षा के कुल 20 अंको में 7 अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा, अन्यथा नियुक्ति हेतु अपात्र माना जायेगा। चाहे उसकी शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के अंक अधिक हो। उसे चयन में नहीं लिया जावेगा।

## भर्ती के संबंध में सामान्य शर्तें एवं दिशा –निर्देश –

1. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी, इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
2. संविदा मानदेय :– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त मानदेय व अन्य राशि प्रावधानित आर.ओ.पी. अनुसार देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।
3. उपरोक्त संविदा अवधि 31 मार्च 2017 तक के लिये होगी कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त अवधि की वृद्धि की जा सकती है। नियमित भर्ती किये जाने पर संविदा पद स्वतः निरस्त हो जायेंगे।
4. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् किसी भी समय नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जाएगा। चयनित अभ्यार्थी के प्रथम माह का वेतन सुरक्षा निधि के रुप में जमा रहेगा।
5. विशेष आरक्षण अर्हता रखने वाले (विकलांग/भूवपूर्व सैनिक) अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उससे संबंधित दस्तावेज संलग्न किये जाने होंगे। अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में प्रमाण पत्र संलग्न न होने की स्थिति में सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा।
6. विकलांग/भूवपूर्व सैनिक/महिला आरक्षण शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार पद क्र 1 से 17 तक के सभी पदों में नियमानुसार आरक्षण होंगे।
7. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को स्थाई जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने के स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।
9. संविदा पर नियुक्ति कर्मचारी का Performance Apprisal नियंत्रणकर्ता अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
10. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यार्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेंगे।
11. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।
12. उक्त पद के लिये प्रवर्गवार प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी जिसकी वैधता जारी दिनांक से एक वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रक्रिया संपन्न होने जो पहले से हो तक रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नए पद/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इस प्रतीक्षा सूची से भरा जा सकेगा।
13. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।
14. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति को होगा जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला– बिलासपुर (छ.ग.)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदित पद का नाम–........................................एवं पद कमांक .........

स्व हस्ताक्षरित
पासपोर्ट साइज
फोटो

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला– बिलासपुर, छत्तीसगढ़

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :...............................................................................................
   (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) :...............................................................................................

2. पिता/पति का नाम :...............................................................................................
3. माता का नाम :...............................................................................................
4. (अ) जन्म तिथि (अंको में) :वर्ष..........................माह......................दिनांक........................
   (ब) आयु 1 जनवरी 2016 की स्थिति मे : वर्ष..........................माह................दिन..................
5. जाति (सामान्य/अनु.जाति/जन.जाति/अ.पि.वर्ग):..................................................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
6. लिंग (पुरूष/महिला/अन्य) :...............................................................................................
7. छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी है या नही :.....................................................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. क्या आप विकलांग श्रेणी के हैं : ...................................................................
   7.1 विकलांगता का प्रतिशत एवं प्रकार :...................................................................
   7.2 भूतपूर्व सैनिक हॉ/नहीं :...................................................................

   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)

9. स्थायी निवास का पता :...............................................................................................
   :...............................................................................................
   :...............................................................................................
   :...............................................................................................

9 वर्तमान पत्र व्यवहार का पता :...............................................................................................

:...............................................................................................

:...............................................................................................

:...............................................................................................

मोबाईल नं.: ............................दूरभाष नं............................

ई–मेल आई.डी..............................................................................

10 रोजगार कार्यालय का नाम : ...................................................................................

जीवित पंजीयन कमांक एवं दिनांक :...................................................................................

कमशः

11. आवेदन शुल्क –

| वर्ग | मानदेय प्रतिमाह ≤25000 | मानदेय प्रतिमाह >25000 |
|---|---|---|
| विकलांग/अ.जा./अ.ज.जा./महिला | 200 | 350 |
| अन्य | 400 | 650 |

(आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक से DISTRICT HEALTH SOCIETY, NON NRHM OTHER FUND BILASPUR के नाम से डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि बिलासपुर में देय होगा, डिमाण्ड ड्राफ्ट की मूल प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। डिमांड ड्राफ्ट के अलावा अन्य किसी भी माध्यम से शुल्क देय मान्य नहीं होगा)

12. <u>**बैंक ड्राफ्ट का विवरण**</u> : डी.डी. कमांक................................दिनांक........................

बैंक का नाम................................राशि...........................

13 शैक्षणिक योग्यता :– (वांछित शैक्षणित योग्यता का ही विवरण भरा जावें)

शैक्षणिक योग्यता की जानकारी गलत/अधूरा भरा जाने पर आवेदन निरस्त किया जावेगा।

| क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण परीक्षा का वर्ष | उत्तीर्ण परीक्षा के सभी वर्षो का पूर्णांक | उत्तीर्ण परीक्षा के सभी वर्षो का प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. क्या आप विवाहित है । (हॉ/नही) :.............................................................................

15. संलग्न सत्यापित प्रमाणपत्रों की सूची व संख्या :–

1. दसवी/बारहवीं की अंकसूची अथवा जन्म प्रमाण–पत्र
2. शैक्षणिक योग्यता की अकंसूची (सभी वर्षो का)
3. कम्प्यूटर योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्र
4. रोजगार पंजीयन
5. जाति प्रमाण–पत्र
6. मूल निवास प्रमाण–पत्र
7. विकलांग प्रमाण –पत्र
8. भूतपूर्व सैनिक/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से संबंधित प्रमाण–पत्र
9. बैंक ड्राफ्ट की मूलप्रति
10. संबंधित कौंसिल का पंजीयन प्रमाणपत्र
11. अन्य

## <u>घोषणा पत्र</u>

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जावेगी तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जाएगें।

स्थान ..................

दिनांक....................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम.............................................

पूर्ण पता....................................